हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

12 नागरिक अस्पताल में एमआरआई मशीन...



13 महाराजा अग्रसेन जयंती पर नृत्य में विद्यार्थियों ...



## खबर संक्षेप



### दिव्यांग निशानेबाजी कोच के 15000 के टारगेट फूंके

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा के दादी गौरी खेल मैदान में निशानेबाजी सिखाने वाले दिव्यांग कोच के 3 टारगेट अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिए। इस घटना से करीब 15 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। दिव्यांग निशानेबाजी खिलाड़ी व कोच विकास भाकर उर्फ मंगल भाकर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दोनों पैरों से दिव्यांग हैं और युवा खिलाड़ियों को निशानेबाजी का प्रशिक्षण देते हैं। उन्होंने बताया कि 7 व 9 अक्तूबर की सुबह करीब 4 बजे अज्ञात लोगों ने खेल मैदान में रखे 3 टारगेट को आग लगा दी। एक टारगेट की कीमत 5000 रुपये है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति : 31 जनवरी तक करें आवेदन

**भिवानी।** तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग तथा विमुक्त जनजातियों के विद्यार्थी इस योजना के तहत 31 जनवरी 2027 तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए विद्यार्थी स्कोलरशीपस.जीओवी.इन पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नगराधीश अनिल कुमार ने इसकी जानकारी दी है।

### ऋण योजना के आवेदन 31 दिसंबर तक मांगे

**भिवानी।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, भिवानी के माध्यम से अनुसूचित जाति के सदस्यों को बैंक टाई-अप, सूक्ष्म ऋण एवं सावधि ऋण योजना के तहत आय अर्जन एवं स्वरोजगार के लिए दो लाख रुपये तक के ऋण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अनुसूचित जाति का कोई भी व्यक्ति, जिसकी आयु 18 से 45 वर्ष तक है तथा बैंक टाई-अप योजना में अधिकतम आयु 55 वर्ष है और वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक है, ऋण के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकता है।

### मानहेरू धाम के लिए 12 को निःशुल्क बस यात्रा

**तोशाम।** गांव सरल के श्री बालाजी सेवा मंडल द्वारा 12 अक्टूबर को गांव सरल से मानहेरू धाम निःशुल्क बस यात्रा ले जाई जाएगी। 16 अक्टूबर को गांव सरल से बालाजी भक्त सालासर धाम के लिए पैदल यात्रा लेकर रवाना होंगे। यह जानकारी देते हुए श्री बालाजी सेवा मंडल के सदस्य प्रदीप शर्मा ने बताया कि मंडल के द्वारा समय समय पर धार्मिक आयोजन किए जाते हैं।

# बड़ी उपलब्धि : एचसीएस परीक्षा में दादरी के तीन युवाओं ने पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा को उत्तीर्ण करते हुए दादरी जिले के तीन युवाओं ने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों में दादरी की शंकर कॉलोनी निवासी रजत फौगाट, गांव दातौली निवासी विनीता पहल और गांव डाढी. बाणा निवासी डॉ. पराग पिलानियां शामिल हैं।



चरखी दादरी। रजत को मिठाई खिलाते हुए।

### रजत ने हासिल की छठी रैंक

हरियाणा लोक सेवा आयोग की ओर से घोषित एचसीएस परीक्षा के अंतिम परिणाम में एचडी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के पूर्व छात्र रजत फौगाट ने पूरे हरियाणा में छठा रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। रजत ने 384 अंक प्राप्त किए। वह तीन बार यूपीएससी के साक्षात्कार में भी शामिल हो चुके हैं। लगातार मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण से मिली इस सफलता को उन्होंने अपने परिवार, शिक्षकों और एचडी प्रबंधन के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। रजत फौगाट के पिता बलराज फौगाट एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ के निदेशक हैं, जबकि उनकी माता राजबाला फौगाट भिवानी में डिप्टी डीईओ के पद पर कार्यरत हैं। उनकी पत्नी डॉ. अस्मिता फौगाट चरखी दादरी की शंकर कॉलोनी में अपना क्लिनिक चलाती हैं। रजत पढ़ाई में शुरू से ही मेधावी रहे हैं। उन्होंने 12वीं कक्षा में फिजिक्स में 99 अंक प्राप्त किए थे, जिसके लिए भारत सरकार ने उन्हें सम्मानित किया था। हंसराज कॉलेज में फिजिक्स ऑनर्स में 89 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। बाद में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से एमएससी की पढ़ाई की। रजत ने कहा कि लगातार मेहनत और सही दिशा में प्रयास से सफलता जरूर मिलती है। वह अपने कार्य को ईमानदारी और निष्ठा से करने के साथ गरीबों व असहाय लोगों की मदद को प्राथमिकता देंगे।

### डाढी बाणा की डॉ. पराग का चयन



■ एमबीबीएस, एमडी और डीएनबी के बाद प्रशासनिक सेवा में पाई सफलता

हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा में गांव डाढी बाणा की बेटी डॉ. पराग पिलानिया ने सफलता हासिल किया है। उनकी उपलब्धि की सूचना मिलते ही गांव में खुशी का माहौल बन गया। डॉ. पराग पिलानिया पंचायती राज विभाग से कनिष्ठ अभियंता के पद से सेवानिवृत्त अजीत सिंह की पुत्री हैं। उनकी मां संतोष देवी गृहिणी हैं। वह भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) अनिल पिलानिया की भतीजी हैं। डॉ. पराग ने वर्ष 2019 में रोहतक पीजीआई से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद वर्ष 2021 में रोहतक पीजीआई से रेडियोलॉजी में एमडी की डिग्री हासिल की और फिर डीएनबी की पढ़ाई पूरी की। इसी दौरान उन्होंने सिविल सेवा में जाने का लक्ष्य निर्धारित किया। इससे पहले वह यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में मुख्य परीक्षा (मेन्स) तक पहुंच चुकी हैं। उनकी बड़ी बहन अध्यापिका हैं, जबकि छोटा भाई इंजीनियर है। डॉ. पराग की सफलता पर सरपंच प्रतिनिधि प्रवीन बजाड़, पूर्व सरपंच छाजुराम, प्रधानाचार्य रावत पिलानिया, जगरूप आर्य, सूबेदार रणजीत सिंह, अजीत शर्मा, लीलाराम बागड़ा, नंबरदार एसोसिएशन के जिला प्रधान रमेश पैंतावास, ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव सहित ग्रामीणों ने बधाई दी।

### दातौली की विनीता पहल ने हासिल की 11वीं रैंक

### वर्तमान में यूपी पुलिस में डीएसपी पद पर हैं तैनात



मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से सफलता की नई इबारत लिखते हुए मूलरूप से दादरी जिले के गांव दातौली निवासी विनीता पहल ने हरियाणा लोक सेवा आयोग की हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) परीक्षा उत्तीर्ण कर 11वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है और परिजनों व ग्रामीणों में उत्साह है। विनीता पहल वर्तमान में उत्तर प्रदेश पुलिस में डीएसपी के पद पर कार्यरत हैं। उनकी तैनाती मेरठ में है। उन्होंने दिल्ली के प्रतिष्ठित सेंट स्टीफंस कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई की और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से भूगोल विषय में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। विनीता ने वर्ष 2021 में भी एचसीएस परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उस समय उनका चयन खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) के पद पर हुआ था। निरंतर मेहनत और आगे बढ़ने की ललक के दम पर उन्होंने एक बार फिर सफलता हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। उनके पिता सुरेंद्र सिंह कैथल जिले के राजकीय मिडल स्कूल नरवल में हेडमास्टर हैं, जबकि माता कमलेश करनाल जिले के असंध स्थित डीएवी स्कूल में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। विनीता पहल का कहना है कि उनके दादा कैप्टन केदार सिंह पहल ने उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया। विनीता की उपलब्धि ने गांव दातौली और दादरी जिले का गौरव बढ़ाया है। उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

## हनुमान ढाणी में लोगों का राह चलना हुआ मुश्किल, प्रशासन मौन

# बदहाल सीवरेज और बेबस लोग : गंदे पानी की गिरफ्त में इलाके की गलियां

- बार-बार शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। गली में जमा गंदे पानी की वजह से दिक्कत झेल रहे लोग।

शायद शहर का कोई हिस्सा ऐसा नहीं होगा। जहां पर दूषित पानी की सप्लाई न हो रही हो । अगर पानी की सप्लाई सही है तो वहां पर सीवर की समस्या बेहद गंभीर बनी है। ऐसा ही शहर की सबसे व्यस्तम इलाका हनुमान ढाणी का है। वहां पर पानी की निकासी सही ढंग से न होने की वजह से गंदा पानी गलियों व सड़कों पर फैल रहा है। हालात यह बने है कि गलियों में कहीं पर आधा तो कहीं पर पौना फुट तक पानी जमा है। गलियों में जमा बदबूदार गंदा पानी की वजह से जीना मुहाल हो गया है। अगर पानी की निकासी नहीं हुई तो आने वाले समय में इलाके में महामारी फैलने की आशंका बन जाएगी। हैरानी की बात यह है कि इस बारे में कई बार शिकायत की,लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

### बढ़ रहा बीमारी फैलने का खतरा

वैसे तो शहर का कोई भी इलाका सीवर समस्या से अछूता नहीं है,लेकिन सबसे बुरी स्थिति हनुमान ढाणी इलाके की बनी है। यहां पर सुबह व शाम के वक्त पानी की सप्लाई आती है तो उस वक्त बड़ी विकट समस्या बन जाती है। उस वक्त तो सीवर के मेनहोल गंदा पानी उगलने लगते है। जब तक सप्लाई चालू रहती है उसके करीब एक घंटे बाद तक यह स्थिति बनी रहती है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि गंदे पानी की वजह से उनके क्षेत्र में बुखार, वायरल, खुजली व अन्य तरह की बीमारी फैलने की आशंका बनी है।




भिवानी। प्रदर्शन करते जनसंघर्ष समिति के सदस्य व क्षेत्रवासी। फोटो: हरिभूमि

### तेलीवाड़ा में सीवरेज व्यवस्था ठप, करेंगे घेराव

**भिवानी।** तेलीवाड़ा क्षेत्र में ठप सीवरेज व्यवस्था और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की कथित लापरवाही के विरोध में क्षेत्रवासियों ने जनसंघर्ष समिति के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश व व्यापारी नेता देवराज मेहता ने कहा कि तेलीवाड़ा की गली में काफी दिनों से सीवरेज व्यवस्था ठप है। अनेक बार विभाग के अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं किया। गली में सीवरेज के ढक्कन टूटे हैं और बरसात के दौरान पानी भरने से ये गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। कामरेड ओमप्रकाश ने चेतावनी दी कि कल 10 अक्टूबर को सीवरेज की सफाई और मरम्मत का काम शुरू नहीं किया तो विभाग के अधिकारियों के कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

# रामपुरा से गोलपुरा तक दो करोड़ में बनेगी 4.30 किमी लंबी सड़क

- टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुरू होगा निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

दादरी विधानसभा क्षेत्र के गांव रामपुरा से गोलपुरा तक 4.30 किलोमीटर लंबी नई सड़क का निर्माण करीब दो करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने सड़क निर्माण को प्रशासनिक एवं वित्तीय मंजूरी दे दी है, उक्त बात दादरी विधायक सुनील सांगवान ने साझा की।

उन्होंने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। सड़क बनने से दोनों गांवों के ग्रामीणों, किसानों और विद्यार्थियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि रामपुरा से गोलपुरा तक संपर्क मार्ग के निर्माण की मांग ग्रामीण लंबे समय से कर रहे थे। रास्ते की जर्जर हालत के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती थी। किसानों को खेतों तक आने-जाने और फसल मंडियों तक पहुंचाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

स्कूली बच्चों के लिए भी ये मार्ग महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों ने समस्या को दादरी विधायक सुनील सांगवान के समक्ष उठाया था। विधायक सांगवान ने ग्रामीणों की मांग को सरकार के समक्ष रखा। इसके बाद सड़क निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी मिली।

### ग्रामीणों ने जताया आभार



विधायक सांगवान ने कहा कि दादरी विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का बेहतर नेटवर्क होने से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलती है और कृषि संबंधी गतिविधियों को भी गति मिलती है। उन्होंने कहा कि रामपुरा से गोलपुरा तक सड़क बनने से दोनों गांवों के बीच संपर्क बेहतर होगा। किसानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी और ग्रामीणों का दैनिक आवागमन भी आसान होगा। उन्होंने बताया कि टेंडर प्रक्रिया संपन्न होते ही निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। सड़क निर्माण को मंजूरी मिलने पर ग्रामीणों ने सरकार और विधायक का आभार जताया।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष के आवास के बाहर तारों में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवीन सैनी के आवास के बाहर बिजली की मुख्य लाइनों में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। घटना के दौरान तेज धमाकों के साथ उठे धुएं से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि हादसे के समय नवीन सैनी की गाड़ी घटनास्थल के पास खड़ी नहीं थी, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिजली के तारों में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग भड़क उठी। इसके साथ ही घना धुआं पूरी गली में फैल गया, जिससे स्थानीय निवासियों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ा। धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और बिजली निगम को सूचना दी। इसके बाद बिजली आपूर्ति बंद करवाई गई, जिससे स्थिति पर काबू पाया जा सका। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि यदि हादसे के समय वहां गाड़ी खड़ी होती तो आग से वाहन को नुकसान पहुंच सकता था और आसपास के मकानों के लिए भी खतरा पैदा हो सकता था। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में बिजली की लाइनों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।



चरखी दादरी। तारों में लगी आग।

### लापरवाही पर रोष

नवीन सैनी और स्थानीय निवासियों ने बिजली निगम की जर्जर तारों तथा रखरखाव में कथित लापरवाही पर रोष जताया। उन्होंने रिहायशी क्षेत्रों में पुरानी और झूलती बिजली की तारों को जल्द बदलने तथा लाइनों की नियमित जांच करवाने की मांग की। उनका कहना है कि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाने से भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# यूजीसी के विरोध में 12 को भिवानी में प्रदर्शन

- यूजीसी के नए नियम से देश की जड़ें हो जाएंगी खोखली, सरकार को देशहित में यह काला कानून लेना चाहिए वापिस : राजकुमार
- यूजीसी का काला कानून वापस नहीं हुआ तो सर्वसमाज की ओर से होगा बड़ा आंदोलन : राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

भगवान परशुराम जनसेवा समिति की तोशाम ईकाई, अग्रसैन शिक्षा समिति तोशाम, पर्यटन विकास मंच आदि सहित विभिन्न संगठनों ने सरकार द्वारा यूजीसी में लाए गए नए नियमों का विरोध जताया है। वहीं संगठनों द्वारा सरकार से पुरजोर मांग करते हुए इस कानून को तुरंत प्रभाव से वापिस लेने की मांग की है, जिससे समाज में समरसता बनी रहे।

### नए नियमों के खिलाफ जारी रहेगा संघर्ष



इस बारे में पर्यटन विकास मंच के चेयरमैन राजेश गारनपुरा का कहना था कि यह काला कानून वापिस नहीं लिया गया तो सर्वसमाज की और से बड़ा आंदोलन होगा, जिसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस यूजीसी के काले कानून को खत्म करवाने तक उनका संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

### देशहित में नए नियमों को वापस ले सरकार



अग्रसैन शिक्षा समिति तोशाम के प्रधान राजकुमार आलमपुरिया का कहना था कि इस बदले हुए नए नियम से देश की जड़ें खोखली हो जाएंगी, जिसके चलते सरकार को इस काले कानून को वापिस लेना देशहित में होगा, क्योंकि हमारा भारत देश सर्वधर्म देश है।

### सरकार को गंभीरता से करना चाहिए विचार



इस बारे में भगवान परशुराम जनसेवा समिति की तोशाम ईकाई के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर जंतर मंतर पर आंदोलन चल रहा है, समिति द्वारा आंदोलन को पूर्ण समर्थन दिया जाएगा। सरकार को कोई भी नया कानून लाने से पहले उस पर बारीकी से विचार किया जाना चाहिए, ताकि सर्व समाज का भला हो सके और सरकार को सभी वर्गों को साथ लेकर चलना चाहिए। उनका कहना था कि यूजीसी के इस नए कानून से समाज में आपसी भाईचारा भी खराब होगा। अतः सरकार को जल्द से जल्द इस काले कानून को वापिस लेना चाहिए। सुनील शर्मा ने बताया कि 12 अक्टूबर सोमवार को भिवानी में काले कानून के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा।

### यूजीसी कानून के विरोध में सर्वसमाज ने की बैठक, बनाई रणनीति

**चरखी दादरी।** यूजीसी कानून के विरोध में 12 अक्टूबर को भिवानी में प्रस्तावित प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर ब्राह्मण भवन में सर्वसमाज की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न वर्गों के लोगों ने कानून को लेकर चिंता जताते हुए इसे वापस लेने की मांग की, उक्त बात सतबीर गौड़ व बल्लू पहलवान ने कही। उन्होंने देश में आर्थिक आधार पर आरक्षण की व्यवस्था लागू करने की वकालत की। बैठक में रविन्द्र कुमार, मुकेश इमलोटा, एडवोकेट कुलदीप शर्मा, दयाल शर्मा अविना, कृष्ण शर्मा, मनोज शर्मा, अक्षय महराणा, राहुल मराठा, राजकुमार एडवोकेट, अंकित परमार, पंडित कमल, शैलेश भारद्वाज, मनीष राणा व आजाद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## धर्म-कर्म

### दिनोद गांव में राधास्वामी आश्रम में होने वाले सत्संग की पूर्व संध्या पर बोले परमसंत

# संत आपको परमात्मा के मार्गी बनाकर काटते हैं माया रूपी फंदे: कंवर साहेब

### संतों की संगति से आता है आत्मज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

माया के अनेकों फंदे हैं जो जीव को घेरे रहते हैं। तृष्णा इंसान को नाच नचाती है लेकिन माया से वही बच सकता है जिसको आत्मज्ञान हो जाता है। आत्मज्ञान संतो की संगति से आता है और संतो की संगति निष्काम सेवा से मिलती है। सेवा कर्तव्य परायण व्यक्ति ही कर सकता है। झूठे नातो से बचकर संतों को माई बाप और भाई बंद बनाओ क्यूंकि संत ही हैं जो आपको परमात्मा के मार्गी बना कर माया के फंदो को काटते हैं। यह सत्संग वचन परमसन्त हुजूर कंवर साहेब महाराज ने 10 अक्टूबर को दिनोद गाँव में राधास्वामी मत को स्थापित करने वाले परमसंत ताराचंद के 102वें अवतरण दिवस के अवसर पर दिनोद गाँव में स्थित राधास्वामी आश्रम में होने वाले सत्संग की पूर्व सन्ध्या पर सत्संग में सेवा करने हेतु एकत्रित हुए हजारों सेवादारों को दर्शन देते हुए फरमाये। उलेखनीय है कि हर वर्ष परमसंत ताराचंद के अवतरण दिवस के अवसर पर राधास्वामी आश्रम में लाखों की संख्या में साध संगत का समागम होता है। इसी सिलसिले में हजारो सेवादार सेवा कार्य के लिए दो दिन से आश्रम में जुटे हुए हैं।



भिवानी। आयोजित सत्संग में प्रवचन देते संत कंवर साहेब। फोटो: हरिभूमि

### सेवादारों को समझाया सेवा का महत्व

सेवादारो को सेवा की महत्ता समझाते हुए हुजूर कंवर साहेब ने फरमाया कि सेवा चाहे किसी रूप में हो फलदायी होती है। जमींदार खेतो में विद्यार्थी पढ़ाई की,डॉक्टर मरीजो की सेवा करता है और उन्हें उसका फल भी मिलता है। सेवा का रूप ही सत्संग है और सत्संग परमात्मा का गुणगान है। परमात्मा की भक्ति का तरीका सतगुरु समझाता है। गुरु महाराज ने कहा कि सेवा स्वार्थ नहीं सिखाती बल्कि आपके अहंकार को मारती है। सेवा के बदले अगर आप कोई आकांक्षा करते हो तो समझो आप सेवादार नहीं बल्कि मजदूर हो। भाव अगर सच्चा है तो आपकी कभी हार नहीं हो सकती। समय भले लगे लेकिन अंत में विजय आपकी ही होनी है। गुरु महाराज ने फ़रमाया कि संतों के संग में बितायी आधी घड़ी भी आपके कोटि कोटि अपराध को हर लेती है।

उन्होंने कहा कि भक्ति के अनेकों रूप है नाम भक्ति गुरु भक्ति प्रेमभक्ति और सेवा भक्ति इन सब से ऊपर है सेवा भक्ति क्यूँकि जो सेवा करना सिख जाता है उसी की रुचि गुरु में और परमात्मा में बढ़ने लगती है और उसकी आस्था में श्रद्धा में दृढ़ता में और विश्वास में बढ़ोतरी होती जाती है जो भक्ति के मूल हैं।

# 48 घंटे में सुलझी दुकान से गल्ला चोरी की वारदात, दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

दादरी पुलिस ने गांव लाम्बा बस अड्डे के समीप सीमेंट पाइप कंपनी के पास स्थित दुकान में हुई चोरी की वारदात को 48 घंटे के भीतर सुलझाते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी किया गया लकड़ी का गल्ला, 9 हजार रुपये की नकदी, मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। थाना बौंद कलां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा किया। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि गांव लाम्बा निवासी सुरेंद्र ने शिकायत दी थी कि अज्ञात चोर उसकी दुकान से नकदी सहित पूरा गल्ला चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान थाना बौंद कलां में तैनात हेड कांस्टेबल सचिन और पुलिस टीम ने संदिग्धों की पहचान कर सांवड़ बस अड्डे से दो आरोपितों को काबू किया। पूछताछ में उनकी पहचान गांव लाम्बा निवासी प्रदीप और अमन के रूप में हुई।



चरखी दादरी। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपित। फोटो: हरिभूमि

### हिरासत में भेजा

आरोपित प्रदीप के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल बाइक और चोरी किया गया एमआई रेडमी ए2 मोबाइल फोन बरामद हुआ। दूसरे आरोपित अमन से चोरी किया गया लकड़ी का गल्ला और उसमें रखी 9 हजार रुपये की नकदी बरामद की गई। पुलिस ने पूछताछ पूरी होने के बाद दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप



### दादरी-चिड़िया रोड पर रातभर चेकिंग

**चरखी दादरी।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा के निर्देशों पर चरखी दादरी पुलिस ने अपराधियों, असामाजिक तत्वों और नशा तस्करों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष रात्रि चेकिंग अभियान चलाया। बीती रात दादरी-चिड़िया रोड स्थित कनीना टी-पॉइंट नाके पर पुलिस ने वाहनों की जांच की और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखी। अभियान की कमान पुलिस उपाधीक्षक धीरज कुमार ने संभाली। नाका प्रभारी निरीक्षक बलवान के नेतृत्व में 16 पुलिसकर्मियों की टीम रातभर तैनात रही। पुलिस ने नाके से गुजरने वाले छोटे-बड़े वाहनों को रुकवाकर उनके दस्तावेजों और उनमें सवार व्यक्तियों की जांच की।



### मोहित का बवानीखेड़ा पहुंचने पर स्वागत

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा स्थित हांसी चुंगी पर नवनिर्मित नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित बलवान सिंह थोरी के आवास पर सांसद धर्मवीर सिंह के पुत्र मोहित चैधरी पहुंचे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। बलवान सिंह थोरी ने मोहित चैधरी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर तरुण राठौर, रोहतास गुर्जर, सतीश भाकर, बलवान सिंह, ओमवीर भाकर, राजबीर सांगवान, सुमेश श्योराण, अशोक थोरी, दिनेश सांगवान, सुभाष थोरी, सुनील ठाकुर, संदीप यादव और अजय वाल्मीकि सहित अन्य लोग मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान स्थानीय लोगों ने बवानीखेड़ा क्षेत्र में डीएपी खाद की कमी का मुद्दा उठाया।



### बीके शिक्षण महाविद्यालय में गतिविधियां करवाईं

**बवानीखेड़ा।** हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, बीके॰ शिक्षण महाविद्यालय, बवानी खेड़ा ने 09 अक्टूबर को सेवा संकल्प अभियान सेवा मेरा योगदानश के तहत कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए योग और ध्यान सत्र तथा कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कचरे को अलग-अलग करने और खाद बनाने जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं। योग जानकारी देने के लिए आयुष विभाग से योगाचार्य गजानन्द शास्त्री एवं डॉ॰ कविता को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। विद्यार्थियों को योगासन एवं प्राणायाम के माध्यम से जागरूक किया गया।

### गांव-गांव चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**भिवानी।** नशा-मुक्त भारत के निर्माण और समाज को नशे की बुराई से बचाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा अक्टूबर माह के दौरान जिले के विभिन्न गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डीएलएसए डॉ. गगनदीप कौर सिंह के निर्देशानुसार तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव डीएलएसए पवन कुमार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की ड्रग जागरूकता एवं वेलनेस नेविगेशन योजना के तहत लोगों को नशे के दुष्प्रभावों, बचाव और नशा पीड़ितों के पुनर्वास के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सीजेएम पवन कुमार ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे की समस्या के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना तथा नशे से प्रभावित लोगों को उचित सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने में सहयोग करना है।

# इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी



चरखी दादरी। शहर में प्रदर्शन करते इंडिया गठबंधन पदाधिकारी।

इंडिया गठबंधन के वोट बचाओ, लोकतंत्र बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत दादरी में प्रदर्शन कर चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता का मुद्दा उठाया गया। प्रदर्शन में जिला ऑब्जर्वर एवं एचपीसीसी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वोट चोर, गद्दी छोड़ के नारे लगाए। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा और चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। विरोध यात्रा स्थानीय रोज गार्डन से शुरु होकर अंबेडकर चौक पहुंची। यहां कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए आवाज बुलंद की। कांग्रेस नेत्री डॉ. मनीषा सांगवान ने कहा कि जनता के वोट की ताकत लोकतंत्र का आधार है। प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा के लिए जरूरी है कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे। प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सांगवान, सेवादल अध्यक्ष जय भगवान मांढी, महिला सेवादल अध्यक्ष सावित्री रानीला, मंजू अख्त्यारपुरा, बाढड़ा ब्लॉक प्रधान सुरेश, नगर व्यापार प्रधान सुरेश पाण्डवानियां, राजेश फोगाट, रविन्द्र फोगाट और दिनेश जांगड़ा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

### भारतीय किसान यूनियन का दिल्ली कूच आज

**भिवानी।** भिवानी सहित प्रदेश भर से भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के सैकड़ों कार्यकर्ता 10 अक्तूबर को दिल्ली पहुंचकर चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे। लोकतंत्र और संवैधानिक व्यवस्थाओं की रक्षा के लिए किसान नेताओं ने इस बड़े आंदोलन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का पूरा खाका तैयार कर लिया है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला प्रधान राकेश आर्य निमड़ीवाली ने कहा कि वर्तमान में जिस प्रकार लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठ रहे हैं, उसे देखते हुए देश का किसान और आम नागरिक चुप बैठने वाला नहीं है। चुनाव आयोग जैसी निष्पक्ष संस्था की साख और कार्यप्रणाली को लेकर जनता के मन में गंभीर संशय पैदा हो रहे हैं। इसी आक्रोश को दर्ज कराने के लिए भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के आह्वान पर भिवानी के अलावा राज्य के सभी जिलों से किसान एकजुट होकर दिल्ली की ओर प्रस्थान करेंगे। किसान संगठन हमेशा से जनहित, पारदर्शी लोकतंत्र और देश के संवैधानिक मूल्यों की मजबूती के लिए संघर्षरत रहे हैं।

### आज फूंकेंगे मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला

**भिवानी।** अखिल भारतीय किसान सभा व मजदूरों का संगठन सीटू 10 अक्टूबर को विभिन्न गांवों, मोहल्लों में सीईसी ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाएंगे और उन्हें पद से हटाने तथा एस आई आर रद्द करने की मांग करेंगे। किसान सभा व मजदूर संगठन सीटू ने मिलकर राष्ट्रीय आह्वान पर भिवानी जिले के मजदूरों, किसानों और ग्रामीण मजदूरों से अपील की है कि कल 10 अक्तूबर को वे विभिन्न गांव व कस्बों में मशाल जुलूस निकालें और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाएं, और उन्हें तुरंत हटाने की मांग करें। सभी वर्गों को लोकतंत्र और वोट के अधिकार की रक्षा के लिए उठ खड़ा होना चाहिए। किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल , उप प्रधान कामरेड ओम प्रकाश , जिला सचिव मास्टर जगरोशन व सीटू के जिला प्रधान कुलदीप बड़वा , जिला सचिव कामरेड अनिल कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गैर-कानूनी तरीके से स्पेशल इंटेंसिव रिविजन लागू करने और पूरे भारत में 13.8 करोड़ वोटरों को वोट देने के उनके अधिकार से वंचित करने के लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए। पारदर्शिता की कमी वाला यह कदम देश की चुनावी प्रक्रिया में आपराधिक दखल को उजागर करता है। करोड़ों लोगों को वोट देने के अधिकार से वंचित किया गया, जिनमें से बड़ी संख्या में गरीब, मेहनतकश, अल्पसंख्यक और दबे-कुचले लोग थे।

## टीम ने निरीक्षण कर तय किया स्थान, अब इंस्टॉलेशन की तैयारी होगी तेज

# नागरिक अस्पताल में एमआरआई मशीन लगाने को 2000 वर्ग फीट जगह चिह्नित, राहत की उम्मीद

- स्वास्थ्य सुविधा में इजाफा होगा, वहीं जिलेभर के मरीजों को राहत मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी



चरखी दादरी। एमआरआई मशीन स्थापना के लिए निरीक्षण करने पहुंची टीम।

दादरी के नागरिक अस्पताल में एमआरआई जांच की सुविधा शुरू करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। पिछले करीब तीन महीनों से मशीन स्थापित करने के लिए उपयुक्त स्थान की तलाश कर रहे स्वास्थ्य विभाग और संबंधित एजेंसी की टीम ने हाल ही में निरीक्षण के बाद जगह चिह्नित कर ली है।

अस्पताल के जनरल वार्ड में करीब 2000 वर्ग फीट क्षेत्र को एमआरआई मशीन लगाने के लिए निर्धारित किया है। स्थान तय होने के बाद अब मशीन की स्थापना के लिए जरूरी बुनियादी ढांचा तैयार करने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। सिविल अस्पताल में एमआरआई सुविधा शुरू होने से सिर, रीढ़ की हड्डी और अन्य गंभीर बीमारियों से संबंधित जांच कराने वाले मरीजों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

### जल्द हो सकता है शुभारंभ: सीएमओ

सीएमओ डॉ. सुमन तंवर के अनुसार जिले में एमआरआई सेवा शुरू होना स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अब मशीन की स्थापना से संबंधित तैयारियों पर ध्यान दिया जाएगा। जल्द ही एमआरआई सुविधा शुरू होने की संभावना है। एमआरआई मशीन लगने से स्वास्थ्य सुविधा में इजाफा होगा, वहीं जिलेभर के मरीजों को राहत मिलेगी।

### दूसरे शहरों में जाने की जरूरत कम

एमआरआई सुविधा के शुरू होने से जिले के मरीजों को एमआरआई जांच के लिए दूसरे शहरों में जाने की जरूरत कम होगी। एमआरआई मशीन स्थापित करने के लिए अस्पताल परिसर में उपयुक्त जगह का चयन करना विभाग के सामने चुनौती बना हुआ था। पिछले तीन महीनों के दौरान अस्पताल प्रबंधन और एजेंसी की टीम ने पांच बार परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान मशीन की स्थापना के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्थाओं, बिजली आपूर्ति, सुरक्षा और मरीजों की आवाजाही जैसे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्थानों का आंकलन किया। एमआरआई मशीन स्थापित करने वाली एजेंसी के संचालक जसपाल चौहान और पंजाब कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र सिंह ने अस्पताल पहुंचकर प्रस्तावित स्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन के साथ मिलकर मशीन की स्थापना से जुड़ी आवश्यकताओं की जांच की। टीम ने मशीन की सुरक्षा, वेंटिलेशन, रेडिएशन से संबंधित सुरक्षा मानकों एवं मरीजों के सुगम आवागमन जैसे बिंदुओं का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद स्थान को अंतिम रूप दिया।

## न्यूज डायरी



### स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर लगाया

**बहल।** सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बहल में एकदिवसीय स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर लगाया गया। शिविर में 250 से ज्यादा मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उनको परामर्श दिया गया। शिविर में एसडीएम मनोज दलाल मुख्यातिथि रहे। शिविर में चिकित्सकों के अलावा राजकीय सामान्य अस्पताल, भिवानी से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच की। शिविर में गर्भवती महिलाओं के लिए अलग से विशेष जांच कैंप भी लगाया गया, जिसमें मातृ-शिशु स्वास्थ्य से सम्बंधित जांचें हुईं। महिलाओं को पोषण संबंधी मार्गदर्शन और दवाइयां दी गईं और उनको नियमित जांच के लिए प्रेरित किया गया। एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि सेवा संकल्प कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में हर नागरिक, खासकर महिलाओं और बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय अपनाने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की। शिविर में सामान्य रोगों के साथ गंभीर बीमारियों की रोकथाम को लेकर मरीजों की काउंसलिंग भी की गई।



### कांशीराम को भारतरत्न देने की मांग, नमन कर दी श्रद्धांजलि

**चरखी दादरी।** बामसेफ, डीएस-4 और बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम के महापरिनिर्वाण दिवस पर शुक्रवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर शिक्षा एवं जनकल्याण समिति की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। धिकाड़ा रोड स्थित समिति कार्यालय में सदस्यों ने कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान सरकार से कांशीराम को भारतरत्न देने की मांग उठाई। समिति के प्रधान विजय लोहरवाड़ा ने कहा कि कांशीराम ने अपना संपूर्ण जीवन बहुजन समाज को जागरूक करने, संगठित करने और उसे सामाजिक व राजनीतिक अधिकारों के प्रति सजग बनाने में समर्पित किया। समिति के प्रधान विजय ने वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को शिक्षा, संगठन तथा राजनीतिक भागीदारी के माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने बामसेफ और डीएस-4 के माध्यम से सामाजिक चेतना को मजबूत किया तथा बहुजन समाज पार्टी की स्थापना कर बहुजन समाज को राजनीतिक मंच प्रदान किया। उनका संघर्ष और सामाजिक परिवर्तन के प्रति समर्पण आज भी लोगों को समानता, सम्मान और अधिकारों के लिए प्रेरित करता है। लोहरवाड़ा ने कहा कि कांशीराम के विचारों को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए शिक्षा को प्राथमिकता देना, सामाजिक एकता बनाए रखना और भेदभाव समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करना जरूरी है। इस अवसर पर समिति सदस्यों ने कांशीराम के विचारों को आत्मसात करने तथा सामाजिक एवं शैक्षणिक जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

# कारगर साबित हो रहे हैं सेवा सेतु शिविर: डीसी

- सेवा संकल्प अभियान के तहत महाग्रामों में आयोजित किए जा रहे हैं सेवा सेतु शिविर
- शिविरों में ग्रामीणों द्वारा जानकारी लेकर उठाया जा रहा है योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जनसेवा के 25 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला के महाग्रामों में भी सेतू शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को गांव हेतमपुरा और लोहानी में सेवा सेतु शिविरों का आयोजन किया गया। वहीं दूसरी ओर डीसी ने नागरिकों से आह्वा्न करते हुए कहा है कि वे सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे शिविरों में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी लें और पात्रता के अनुरूप योजनाओं का लाभ उठाएं। योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए सेवा सेतू शिविर कारगर साबित हो रहे हैं। शिविरों में गांव पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा प्रदीप गोलागढ़ मुख्य रूप से सेवा सेतू शिविर में पहुंचे। उन्होंने यहां शिविर में लगाई गई स्टालों का जायजा लिया।

# रेवेन्यू कोर्ट शिफ्ट के प्रस्ताव का विरोध

- पुरानी सचिवालय बिल्डिंग में ही कोर्ट संचालित रखने की मांग, डीसी को सौंपा पक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

नई न्यायालय परिसर में ज्यूडिशरी की बिल्डिंग तैयार होने से पहले रेवेन्यू कोर्ट को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने के प्रस्ताव का दादरी बार के अधिवक्ताओं ने विरोध किया है। शुक्रवार को पूर्व बार प्रधान सुरेंद्र मेंहडा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त मनदीप कौर से मुलाकात कर रेवेन्यू कोर्ट को न्यायालय परिसर स्थित पुरानी सचिवालय बिल्डिंग में ही संचालित रखने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को बताया कि प्रस्तावित स्थान पर रेवेन्यू कोर्ट शिफ्ट होने से अधिवक्ताओं, वादकारियों व आमजन को न्यायालयीन कार्यों के लिए आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



भिवानी। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने पहुंचे अधिवक्ता। फोटो: हरिभूमि

### आमजन की सहूलियत जरूरी : प्रधान

पूर्व बार प्रधान सुरेंद्र मेंहडा ने कहा कि नई न्यायालय परिसर में ज्यूडिशरी की बिल्डिंग तैयार होने तक पुरानी सचिवालय बिल्डिंग में ही कोर्ट का संचालन करना जनहित में उचित रहेगा। उन्होंने कहा कि न्यायालय आम नागरिकों को न्याय उपलब्ध करवाने की महत्वपूर्ण व्यवस्था है, ऐसे में कोर्ट को किसी वैकल्पिक स्थान पर स्थानांतरित करने से पहले वहां आवश्यक सुविधाओं, सुगम आवागमन और आमजन की सहूलियत सुनिश्चित करना जरूरी है।

# सक्षम अधिकारी ही शिविरों में आएं: गुप्ता

- डीसी साहिल गुप्ता ने की समाधान शिविरों में आई शिकायतों की समीक्षा
- नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें, नागरिकों की संतुष्टि जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते उपायुक्त। फोटो: हरिभूमि

### समस्याओं की गहनता से जानकारी लें

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर सरकार का फलेक्सी कार्यक्रम है। हर सोमवार और गुरुवार को जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों से अपने स्तर पर संपर्क करें और उनकी समस्याओं के बारे में गहनता से जानकारी लें। नागरिकों के अनावश्यक रूप से चक्कर ना लगाने पड़ें।

डीसी साहिल गुप्ता ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों के समाधान की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केवल सक्षम अधिकारी ही समाधान शिविरों में आएं ताकि नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो।

### छात्राओं को तनाव प्रबंधन, चिंता से बचाव एवं भावनात्मक संतुलन की दी जानकारी

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचंद के मार्गदर्शन में मनोविज्ञान विभाग, नेशनल टास्क फोर्स तथा गाइडेंस एंड काउंसलिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सामान्य अस्पताल भिवानी की मनोचिकित्सक नंदिनी उपस्थित रहीं। डॉ. नंदिनी ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन, चिंता से बचाव व भावनात्मक संतुलन के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं को सकारात्मक सोच अपनाने, तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने को प्रेरित किया। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग से डॉ. अनिल कुमार, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. रेणुबाला, डॉ. रेखा, डॉ. नविता, प्रोफेसर पिंकी व प्रोफेसर मनजीत सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

### समस्याओं के समाधान की मांग

**भिवानी।** दी भिवानी रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को संगठन के प्रधान (आजीवन उपलब्धि पुरस्कार प्राप्त) रामकिशन शर्मा के नेतृत्व में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की लंबे समय से लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन सौंपने के बाद संगठन के प्रधान रामकिशन शर्मा ने बताया कि सेक्टर/आवासीय क्षेत्र में मकानों के जो नंबर लगभग 10 वर्ष पहले सैक्टर-13 व 23 के मकानों पर लगाए गए थे, वे अब पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि हम इस गंभीर समस्या को पहले भी कष्ट निवारण समिति की बैठक में उठा चुके हैं, लेकिन आज तक स्थिति जस की तस बनी हुई है और प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। प्रधान रामकिशन शर्मा ने आगे बताया कि उपायुक्त ने चार बार बैठक में मकानों के नंबर दर्ज करने संबंधी जानकारी पूछी थी। परंतु बेहद खेद का विषय है कि एक वर्ष पूरा बीत जाने के बाद भी अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने मांग की कि सैक्टर-13 व 23 में मकानों के आगे स्टील की प्लेट पर नंबर लिखवाए जाए।

### गोवंश के स्वास्थ्य का भी रखें ध्यान: डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने आमजन से अपील की है कि वे पितृ अमावस्या पर अपनी श्रद्धा व आस्था के साथ-साथ गायों के स्वास्थ्य और सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखें। गोवंश को तला हुआ अथवा अत्यधिक मात्रा में भोजन न खिलाएं, क्योंकि ऐसा भोजन गायों की अकाल मौत का कारण बनता है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे अपनी श्रद्धा के नाम पर गौशालाओं में चारा दान कर सकते हैं। डीसी ने कहा कि पितृ अमावस्या पर अनेक श्रद्धालु गोवंश को भोजन खिलाकर पुण्य कमाने की भावना रखते हैं। गायों को अधिक मात्रा में पूड़ी, पकौड़ी, मिठाई अथवा तेल-मसाले से युक्त भोजन खिलाने से बचें। क्योंकि यही भोजन गायों की मौत का कारण बन जाता है। ऐसे में इसके स्थान पर हरा चारा, स्वच्छ पानी तथा गोवंश के अनुकूल सुरक्षित आहार उपलब्ध करवाएं। लोगों को चाहिए कि वे गायों को स्वच्छ एवं संतुलित आहार दें। डीसी ने आमजन से यह भी अपील की है कि भोजन सडक़ पर न डालें, जिससे गायों को सडक़ पर आने-जाने के दौरान दुर्घटना का खतरा न हो। इसके साथ-साथ प्लास्टिक की थैलियों में भोजन डालकर न दें। गायों के आसपास प्लास्टिक एवं अन्य हानिकारक कचरा न फेंकें।

### बीपीआईयू बैठक का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को बीपीआईयू बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खंड के समस्त सीआरसी, एबीआरसी व बीआरपी ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने प्राइवेट व सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को प्रषस्त ऐप पर प्रशिक्षण पूरा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि 3 दिन के अंदर इस कार्य को शत-प्रतिशत पूरा करवाया जाए। एबीआरसी कृष्ण कुमार ने बैठक में निपुण भारत मिशन ऑन-मीटिंग के बारे में चर्चा करते हुए संबंधित कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने पोर्टल पर पंजीकरण के संबंध में भी जानकारी दी और सभी से समय पर पंजीकरण करवाने की अपील की। खंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने कहा कि विभाग के आदेशों अनुसार खंड के सभी शिक्षक अपने कार्य समय पर पूरा कर रहे हैं। आगे भी सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। बैठक में उन्होंने विद्यालयों में एलईडी के इंस्टॉलेशन की भी पूरी जानकारी ली।

## !!!! किसानों के बीच पहुंचे कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला

# अनाजमंडी में बाजरे की सरकारी खरीद, उठान एवं भुगतान का लिया जायजा, सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। अनाजमंडी में बाजरे की खरीद का जायजा लेते कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला।

कैथल विधानसभा से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने अनाजमंडी का दौरा किया। सुरजेवाला ने मंडी में बाजरे की सरकारी खरीद, उठान और भुगतान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा किसानों से उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक के साथ पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रामकिशन फौजी व नगर परिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन सतेंद्र मोर मौजूद रहे। किसानों ने बाजरे की सरकारी खरीद, न्यूनतम समर्थन मूल्य, भावांतर भरपाई योजना के क्रियान्वयन, फसल के उठान, नमी की कठोर शर्तों और भुगतान में देरी की शिकायतें रखीं।

### सरकार अपनी जवाबदेही से लगातार बच रही

सुरजेवाला ने कहा कि किसान दिन-रात हाड़-तोड़ मेहनत करके पूरे देश का पेट भरता है, लेकिन जब अपनी फसल बेचने मंडी पहुंचता है तो उसे खरीद, उचित भाव और भुगतान के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। पैदावार और परेशानी दोनों किसान की हैं, लेकिन सरकार अपनी जवाबदेही से लगातार बच रही है। आदित्य सुरजेवाला ने भावांतर योजना के क्रियान्वयन पर सवाल उठाते हुए कहा कि बाजरे के लिए घोषित 2900 प्रति क्विंटल के मूल्य का वास्तविक और पारदर्शी लाभ पात्र किसानों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडियों में पर्याप्त बारदाना, स्टाफ, परिवहन और भंडारण की समयबद्ध व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि खुले में पड़ी फसल खराब न हो। सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश में अब तक करीब 7.07 लाख टन धान की आवक हो चुकी है।

# रामलीला मंचन में पहले दिन हुआ नारद मोह और रावण वरदान

■ अहंकार मनुष्य के ज्ञान और तपस्या को भी प्रभावित कर सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

श्री रामलीला नाट्य कला केंद्र द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के पहले दिन नारदमोह और रावण द्वारा वरदान प्राप्त करना का मंचन किया गया। रामलीला के कलाकारों ने संवाद, अभिनय और मंचीय प्रस्तुति के माध्यम से दोनों प्रसंगों को जीवंत कर दिया। मंचन के दौरान दर्शकों को यह संदेश भी मिला कि अहंकार मनुष्य के ज्ञान और तपस्या को भी प्रभावित कर सकता है, जबकि शक्ति का गलत उद्देश्य से किया गया उपयोग विनाश का कारण बनता है।

रामलीला के पहले प्रसंग नारदमोह में नारद मुनि की तपस्या और उनके अहंकार को दर्शाया गया। नारद मुनि की कठोर तपस्या को देखकर कामदेव ने उन्हें मोहित करने का प्रयास किया, लेकिन नारद मुनि कामदेव के प्रयासों से विचलित नहीं हुए। इससे उनके मन में अपने तप और संयम को लेकर अहंकार उत्पन्न हो गया। नारद मुनि ने अपनी इस सफलता को भगवान शिव सहित अन्य देवताओं के समक्ष भी बताया। इसके बाद नारद मुनि के अहंकार को दूर करने के लिए भगवान विष्णु ने लीला रची। नारद मुनि एक राजकुमारी के स्वयंवर में पहुंचे और स्वयं उससे विवाह करने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने भगवान विष्णु से अपना रूप सुंदर बनाने का आग्रह किया। भगवान विष्णु ने उनकी प्रार्थना स्वीकार करते हुए ऐसी लीला की कि स्वयंवर में नारद मुनि को अपेक्षित सम्मान नहीं मिला। कथा में नारद मुनि के मोहभंग और भगवान विष्णु की लीला का प्रसंग दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहा। अंत में नारद मुनि को अपनी भूल और अहंकार का बोध हुआ।

### रामलीला मंचन कल से तैयारियां अंतिम दौर में

लोहारू। आदर्श रामलीला समिति के तत्वावधान में स्थानीय आदर्श रामलीला मैदान में आगामी 11 अक्टूबर से रामलीला मंचन कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समिति प्रधान संतलाल सैनी और सचिव पवन शर्मा ने बताया ने बताया कि लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है तथा कलाकारों की रिहर्सल भी लगभग संपन्न हो चुकी है। उन्होंने बताया कि रामलीला मंचन के माध्यम से दर्शकों को भगवान श्री राम के जीवन आदर्शों की शिक्षा का प्रसार किया जाएगा। कलाकारों ने बेहतर ढंग से रिहर्सल की है।

### प्राचार्य पूनम श्योराण ने विद्यार्थियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का दिया संदेश

पांच दिनों में 15 किलो सूखा कचरा एकत्रित, विद्यार्थियों को चार प्रकार के डस्टबिन के उपयोग की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू



लोहारू। मॉडल संस्कृति स्कूल में विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए प्राचार्य पूनम श्योराण व स्टाफ सदस्य।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्थानीय राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तत्वावधान में स्वच्छता एवं ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य पूनम श्योराण ने पौधारोपण करके किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता ही सेवा अभियान के महत्व से अवगत करवाया और कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवन में अपनाई जाने वाली आदत है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, विद्यालय और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता का शपथ भी दिलाई।

इको क्लब्स फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत आयोजित श्रमदान पीरियड में प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को श्रम के महत्व, सामूहिक जिम्मेदारी और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक कमल शर्मा ने ठोस कचरा प्रबंध के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में छांटने तथा चार प्रकार के डस्टबिन के उचित उपयोग के महत्व को समझाया।

उन्होंने बताया कि गीले कचरे, सूखे कचरे, घरेलू खतरनाक कचरे तथा सैनिटरी कचरे को अलग-अलग एकत्रित करना प्रभावी कचरा प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कमल शर्मा ने बताया कि विद्यालय में पिछले पांच दिनों में लगभग 15 किलोग्राम सूखा कचरा एकत्रित हुआ, अर्थात प्रतिदिन औसतन 3 किलोग्राम सूखा कचरा निकल रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को कचरे की मात्रा कम करने, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उमेद सिंह, अन्नू रानी, महेश कुमार, शीला देवी, मुकेश कुमार, सुरेश कुमार सहित अन्य अध्यापक, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने तथा विद्यालय एवं समाज को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।



भिवानी। श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन देती साध्वी विभानंद महाराज व अन्य।

## भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्रदेव के अभिमान को किया चूर-चूर

■ भगवान ने प्रकृति संवर्धन, जल-संरक्षण, गौमाता की सेवा व ईश्वर के प्रति प्रेम का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जैन चौक स्थित गोस्वामी लालदास मंदिर में पितृ पक्ष पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भक्तिभाव एवं श्रद्धा के साथ समापन हुआ। तपोभूमि परमहंस योगाश्रम के स्वामी कृष्णानन्द सरस्वती महाराज के पावन सानिध्य में आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद लिया।

पितृ पक्ष के दौरान कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। कथा व्यास के रूप में बालयोगिनी साध्वी विभानन्द सरस्वती ने अपने श्रीमुख से प्रतिदिन श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की संगीतमय, ओजस्वी एवं ज्ञानवर्धक कथा का रसपान करवाया, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। कथा के अंतिम दिन कथाव्यास साध्वी विभानन्द ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा करने की पावन लीला का जीवंत वर्णन किया। साध्वी विभानन्द सरस्वती ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र देव के अभिमान को चूर-चूर किया और मानव समाज को संदेश दिया कि व्यक्ति को अपने जीवन से अहंकार का पूरी तरह त्याग कर ईश्वर पर अटूट विश्वास रखना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

ट्रस्ट सचिव गणपतराय जसूजा ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम के उपरांत 10 अक्टूबर को मंदिर परिसर में सुबह 9 बजे श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति का पावन हवन यज्ञ संपन्न होगा। सुबह 10 बजे साध्वी विभानन्द के मंगल प्रवचन होंगे तथा 12 बजे प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर अधिवक्ता अविनाश सरदाना, जमना भंभानी, आशा जसुजा, अंजु मीना, सुशील सरदाना, धर्मपाल वधवा, मोनिका, पंकज, आदित्य, महेंद्र महता, गुलशन भंबानी, पूजा, संजय, राखी, कैलाश देवी सरदाना, विशाल व अंशु चौधरी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### महाराजा अग्रसेन जयंती पर तीन दिन होंगे कार्यक्रम

चरखी दादरी। अग्रवाल सभा की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर 10 से 12 अक्टूबर तक तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से महाराजा अग्रसेन के समानता, सेवा, सहयोग और समाज कल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। अग्रवाल सभा के प्रवक्ता डॉ. ललित महाजन ने बताया कि 10 अक्टूबर को कृष्ण गौशाला एवं नंदीशाला में सवामणी प्रसाद का आयोजन होगा। इसी दिन शाम को अग्रवाल भवन सोसायटी में अग्र महिला मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 11 अक्टूबर को अग्रवाल धर्मार्थ चिकित्सालय में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा।

### आईटीआई में वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम

भिवानी। सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय आईटीआई डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में 'वोकल फॉर लोकल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक धीरज सोनी, जिला सह-संयोजक अतुल गुप्ता एवं पूर्णकालिक कार्यकर्ता कुलबीर सिंह सहित अन्य सदस्यों ने विद्यार्थियों को स्वदेशी उत्पादों के महत्व बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वदेशी के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि स्वदेशी अपनाना, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने तथा स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और रोजगार को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।

### सीबीएलयू में विधि छात्रों को मिला विशेष व्याख्यान

भिवानी। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी के विधि विभाग द्वारा एक विशेष विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में देश की प्रतिष्ठित विधि शिक्षाविद प्रो.डॉ. यशोमती घोष (वर्तमान में प्रोफेसर ऑफ लॉ, इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लीगल एजुकेशन एंड रिसर्च, गोवा एवं पूर्व में एसोसिएट प्रोफेसर, नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी ( बेंगलुरु) को आमंत्रित किया गया, साथ ही विवि के प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एवं पूर्व सूचना आयुक्त डॉ. शिव रमन गौड़ भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# अंडर-9 फुटबॉल प्रतियोगिता में अलार फुटबॉल क्लब ने जीती विजेता ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



चरखी दादरी। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी।

स्थानीय लोहारू रोड स्थित अलार इंस्टीट्यूट में अंडर-9 आयुवर्ग की दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छह टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों के बाद अलार फुटबॉल क्लब ने प्रथम स्थान हासिल कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि अलार लायन्स की टीम उपविजेता रही। अलार स्ट्राइकर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में अलार फुटबॉल क्लब, अलार वॉरियर्स, अलार लायन्स, अलार स्ट्राइकर, अलार चैंपियन और अलार एथलेटिक की टीमों ने हिस्सा लिया। दो दिवसीय आयोजन के दौरान नन्हे खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### फुटबॉल से बच्चों में बढ़ेगा आत्मविश्वास व अनुशासन

इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर डॉ. अरुण श्योराण ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल गतिविधियों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि कम उम्र से ही बच्चों को खेलों से जोड़ना उनके सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य सत्यपाल, फुटबॉल कोच सुधीर सांगवान और अन्य स्टाफ सदस्यों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नियमित अभ्यास करने और खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य बच्चों में फुटबॉल के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना रहा।

## एआई डिजिटल मार्केटिंग स्किल्स पर व्याख्यान

भिवानी। चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी के मीडिया एवं जनसंचार अध्ययन विभाग में एआई डिजिटल मार्केटिंग स्किल्स पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एआई एवं डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ उमेश कौशिक ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उमेश कौशिक ने विद्यार्थियों को बताया कि आज के डिजिटल युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में करियर के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। विद्यार्थी इन तकनीकों का उपयोग करके अपनी रुचि और हुनर के अनुसार नए अवसर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को फिनलैंड की शिक्षा पद्धति तथा वहां उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसरों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी अभिरुचि के अनुसार कौशल विकसित करना चाहिए और डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से अपने हुनर को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलानी चाहिए। उन्होंने तकनीकी कौशल (टेक्निकल स्किल्स) और सॉफ्ट स्किल्स के विकास के महत्व को समझाते हुए इन्हें बेहतर बनाने के व्यावहारिक तरीके भी बताए। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विशेषज्ञ से विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर विद्यार्थी सूरज ने बताया कि वह एंकर बनना चाहते हैं। इस व्याख्यान से उन्हें यह समझने में मदद मिली कि एक बेहतर एंकर बनने के लिए वे अपने तकनीकी कौशल और सॉफ्ट स्किल्स पर किस प्रकार काम कर सकते हैं।



## न्यूज डायरी



### एथलीट मीट संपन्न, पुरुषों में बबीन और महिलाओं में एकता बनी बेस्ट एथलीट

लोहारू। चौ बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय 38वीं एथलीट मीट संपन्न हो गई। प्राचार्य डॉ दलजीत सिंह मुख्य अतिथि रहे जबकि खेल संयोजक के रूप में देवेन कुमार रहे। अंतिम दिन अनेक स्पर्धाओं के रोचक मुकाबले हुए। पुरुषों में खिलाड़ी बबीन को तथा महिला खिलाड़ियों में छात्रा एकता को बेस्ट एथलीट अवार्ड से सम्मानित किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कई स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले हुए, जिनमें खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। जानकारी के अनुसार 100 मीटर फर्राटा दौरी में प्रवीण कुमार ने प्रथम, बबीन ने द्वितीय और ललित ने तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि लड़कियों के 100 मीटर दौड़ मुकाबले में छात्रा एकता ने प्रथम स्थान, छात्रा हिमांशु ने द्वितीय स्थान तथा नैना ने तीसरा स्थान हासिल किया। जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) स्पर्धा में अन्नू ने प्रथम, दिव्या ने द्वितीय तथा सोनिका ने तृतीय छात्र वर्ग के जैवलिन थ्रो मुकाबले में अमित ने पहला, अमन ने दूसरा तथा दुष्यंत ने तीसरा स्थान हासिल किया।



### मॉडल संस्कृति स्कूल में बीआईएस क्लब ने करवाई निबंध लेखन प्रतियोगिता

बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा स्थित वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, में बीआईएस क्लब की ओर से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य दिनेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मकता, विचार अभिव्यक्ति और लेखन कौशल को प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। परिणाम के अनुसार नवदीप ने प्रथम, सोनिया ने द्वितीय और सोनाक्षी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### आठ केंद्रों पर नकल रहित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई परीक्षा, 280 विद्यार्थियों ने लिया भाग

भिवानी। विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने, उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर देने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के तहत स्कॉलरशिप टैलेंट सर्च एग्जाम-2026 का आयोजन किया। परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह एवं बढ़-चढ़कर भाग लिया। परीक्षा के दौरान कुल 280 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



# दादरी में पहली बार होगी राज्य स्तरीय सेपकटकरा प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सतपाल मेच्चू, सुनील कुमार यादव, कार्यकारी सदस्य अनिल सांगवान, कप्तान सिंह पुनिया, अन्नत कुमार सरोहा, कोच दीपक, साहिल, सोनू, हर्ष, अन्नू डोहकी, हरिश्चंद्र, संयम रासीवास, जितेश बिरही कलां, राकेश, अशोक छप्पार, द्रविड़, प्रविंद्र मानकावास सहित अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

हरियाणा सेपकटकरा एसोसिएशन के तत्वावधान में 23वीं सीनियर हरियाणा राज्य सेपकटकरा प्रतियोगिता का आयोजन 10 व 11 अक्टूबर को गांव बिरही कलां स्थित स्कोलर वर्ल्ड स्कूल में किया जाएगा। दादरी जिले में पहली बार आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 20 जिलों की पुरुष व महिला टीमों के भाग लेने की संभावना है। अमेच्योर सेपकटकरा एसोसिएशन ऑफ चरखी दादरी के प्रधान मास्टर संत कुमार और स्कूल प्राचार्य बिजेंद्र सांगवान ने बताया कि प्रतियोगिता की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। एसोसिएशन के महासचिव सुनील बंगालिया और सह सचिव एवं हरियाणा सेपकटकरा एसोसिएशन के चेयरमैन रेफरी आयोग दशरथ रंगा ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान आगामी सीनियर राष्ट्रीय सेपकटकरा प्रतियोगिता के लिए हरियाणा की टीम का चयन भी किया जाएगा।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिवानी में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष घनश्याम दास सर्राफ, प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, महासचिव बृजलाल सर्राफ, कोषाध्यक्ष सुंदरलाल अग्रवाल, अग्रवाल महासभा, भिवानी के अध्यक्ष तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या कमला गुरेजा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में भगवान गणेश एवं महाराजा अग्रसेन की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। रंगारंग कार्यक्रमों का आगाज़ गणेश वंदना से शुरू होकर महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा, भगवान जगन्नाथ की दिव्य लीलाओं पर आधारित नृत्य नाटिका , थाने वंदन बारंबार" मधुर भजन प्रस्तुति, एकल कत्थक नृत्य, वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित मार्मिक नाट्य प्रस्तुति और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित आकर्षक समूह नृत्य झांकी आदि एक के बाद एक धमाकेदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को आध्यात्मिक आनंद से सारोबार कर दिया।



भिवानी। कार्यक्रम में उपस्थित समिति के पदाधिकारी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधसमिति के पूर्व कोषाध्यक्ष अध्यक्ष विजय किशन अग्रवाल, सदस्य प्रवीण गर्ग, सदस्य पवन अग्रवाल, अग्रसेन ट्रस्ट भिवानी के अध्यक्ष रामदेव तायल, अग्रवाल सभा भिवानी के प्रधान सुनील सर्राफ, महासचिव मनीष मैदावाला, मनीष दिवाकर, सुरेंद्र जैन एडवोकेट, उमाशंकर अग्रवाल, रमेश बंसल, विष्णु केडिया, धर्मेंद्र जिंदल, सुरेश कागजी, एडवोकेट आशीष मित्तल, गोपाल सांवडिया, प्रकाश मित्तल, डॉ एन के गर्ग, विजय बंसल टैनी, पूर्व प्राध्यापिका ऊषा गर्ग, उर्मिला अग्रवाल आदि अनेक गणमान्य अग्र बंधु उपस्थित रहे।

### केवल एक समाज विशेष नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के प्रेरणास्त्रोत हैं महाराजा अग्रसेन: सर्राफ

# विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा दर्शकों का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी




भिवानी। समूह नृत्य प्रतियोगिता के दौरान महाराजा अग्रसेन की वंशावली की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

समाजवाद, दया, करुणा एवं जनसेवा का अमर संदेश देने वाले महान युगपुरुष महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में श्रीअग्रवाल सभा भिवानी द्वारा सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की विशेष श्रृंखला आयोजित की जा रही है। 21 अक्तूबर तक चलने वाले कार्यक्रमों की कड़ी में वैश्य मॉडल स्कूल में अंतर-विद्यालय समूह नृत्य प्रतियोगिता करवाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि भिवानी के विधायक घनश्यामदास सर्राफ और बृजलाल सर्राफ ने शिरकत की। समारोह का शुभारंभ मुख्यतिथि एवं एवं उपस्थित अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित करके किया। इसके पश्चात विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों व आयोजकों ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने कहा कि इन सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य हमारी युवा पीढ़ी को अपने समृद्ध इतिहास, संस्कारों और महाराजा अग्रसेन के उच्च जीवन आदर्शों से जोड़ना है। जब बच्चे और युवा ऐसे मंचों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं, तो उनमें न केवल आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि वे समाज कल्याण के कार्यों के प्रति भी प्रेरित होते हैं। श्रीअग्रवाल सभा के प्रधान सुनील सर्राफ ने संबोधन में कहा कि महाराजा अग्रसेन केवल एक समाज विशेष के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर रामदेव तायल, प्रवीण गर्ग, सुमित खेमका, पवन अग्रवाल, सुशील बुवानीवाला, सुन्दरलाल गोटेवाला, कमल बंसल, विजयकिशन धारेड़वाला, बजरंग बहेलिया व रमेश बंसल आदि मौजूद रहे।

### एक रुपया और एक ईंट का सिद्धांत

उन्होंने सदियों पहले समाजवाद और भाईचारे का जो संदेश एक रुपया और एक ईंट के सिद्धांत के रूप में दिया था, वह आज के दौर में भी प्रासंगिक है, उनका जीवन दर्शन हमें परस्पर सहयोग, समाजसेवा और सर्वजन हिताय की भावना से कार्य करने की सीख देता है। अंत में सभी उपस्थितजनों को महाराजा अग्रसेन के बताए मार्ग पर चलने और समाजसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर योगदान देने का संकल्प दिलाया।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दिनोद खण्ड भिवानी में ग्रामीण सफाई कर्मचारी के रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। ग्रामीण सफाई कर्मचारी पद के लिए आवेदक ग्राम पंचायत दिनोद का स्थाई निवासी हो। वह अपना आवेदन सादे कागज पर कार्यालय ग्राम पंचायत दिनोद में दिनांक 15.10.2026 से 30.10.2026 तक किसी भी कार्यदिवस में (कार्यालय समय प्रातः 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक) जमा करवा सकता है।

हस्ता/- सरपंच,
ग्राम पंचायत दिनोद खंड
भिवानी, मो. 8920500713

# Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

ON ALL MRP 6% OFF

# NAVRATRI SALE

UPTO 80% OFF

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.




10 Oct to 20 Oct

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.




ROHTAK · BAHADURGARH · JHAJJAR · GOHANA · HISAR · BHIWANI · SONIPAT · KARNAL
SAMPLA · ZIRAKPUR · PINJORE · SIRHIND · PANIPAT · MALERKOTLA · LUDHIANA · BARNALA

## Navratri Items
CHIPS . MARMUDA . LADDOO . KUTTU ATTA . SABUDANA & MORE.
UPTO 50% OFF



FRESCA / MANIA 1 LTR
BUY 1 GET 3 FREE




PRABHAS GHEE (1 LTR)
BUY 1 GET 1 FREE




DEEHAT MAKHANA
BUY 1 GET 1 FREE



DABUR GHEE
BUY 1 GET 1 FREE




MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG
BUY 1 GET 1 FREE




PRO NATURE KABULI CHANA 1KG
BUY 1 GET 1 FREE



GM POHA CLASSIC (500G)
BUY 1 GET 1 FREE




COCA / SPRITE FANTA / LIMCA 2LTR
₹79




REDBULL
MRP - ₹125
₹99




PEPSI / MIRINDA / 7UP MOUNTAIN DEW
2.25 L
₹79



MINCHY'S JUICE
BUY 1 GET 1 FREE




UTSAV PAPAD
BUY 1 GET 1 FREE




PRO NATURE KAJU 250 GM
BUY 1 GET 1 FREE



PRO NATURE KALA CHANA / MAKHANA
BUY 2 GET 1 FREE



BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG
BUY 1 GET 1 FREE




MCCAIN 1.25 KG
BUY 1 GET 1 FREE




LAHORI ZEERA PACK OF 24
MRP - ~~₹240~~
₹190




TIP TOP / FUN FLIP
BUY 1 GET 1 FREE




APIBEE HONEY
BUY 1 GET 1 FREE




BREGANO PASTA FUSILLI 450GM
BUY 1 GET 2 FREE



GOOD LUCK NAMKEEN
BUY 1 GET 2 FREE



COCOSUTRA BREAKFAST CEREALS
BUY 1 GET 1 FREE




XCITE NOODLES ( 330 G)
BUY 1 GET 1 FREE




VANDNAM BHOG
SOOJI -MAIDA - DALIYA 500g
BUY 1 GET 1 FREE




TOPS TOMATO KETCHUP 850G
BUY 1 GET 1 FREE




FORTUNE MUSTARD OIL 1L
MRP - ~~₹230~~
₹195




FORTUNE AATA
10KG
MRP - ~~₹485~~
₹415




SHILLS WIPES / MASK
BUY 1 GET 2 FREE




MR. FREEZE / PAGRO FROZEN TREAT GREEN PEAS 500GM
₹59




REAL MASALA JUICE
BUY 1 GET 1 FREE




BEVZILLA PREMIUM CLASSIC & MOCHA COFFEE 200GM
BUY 1 GET 2




NISHA BISCUIT 300GM
BUY 1 GET 2




PATANJALI SENSITIVE PASTE 150GM /50GM
BUY 1 GET 2 FREE




LITTLES / TULIPS SENSITIVE BABY WET WIPES 72N
BUY 1 GET 2 FREE




EXO DISHWASH LIQUID 1.5 LTR
BUY 1 GET 1 FREE




KTRIQ / IHP
BUY 1 GET 1 FREE



TOP / MOTHER PICKLE 950G
BUY 1 GET 1 FREE




RAJDHANI BESAN
1 KG
MRP - ~~₹150~~
₹105




AASHIRVAAD ATTA
10KG
MRP - ~~₹499~~
₹445




**Rohtak, Bus Stand**
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
**Contact:** +91-8199999480

**Rohtak, Model Town**
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
**Contact:** +91-9350999480

**Karnal**
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
**Contact:** +91-90530 86555

**Dighal**
Sampla Beri Road, Dighal.
**Contact:** +91-7419202127

**Pinjore**
Abdullapur Rd, opp. Hotel Raunak, Abdullapur, Pinjore, Haryana **Contact:** +91-76962 97828

**Bahadurgarh**
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
**Contact:** +91-9992296899

**Sampla**
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
**Contact:** +91-8930062800

**Gohana**
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
**Contact:** +91-7419002626

**Jhajjar**
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
**Contact:** +91-8750187531

**Panipat**
Ground Floor, Mittal Mega Mall, Sector 25 II, Sector 25, Panipat,
**Contact:** +91-98177 76446

**Sonipat**
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
**Contact:** +91 90530 87555

**Zirakpur**
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
**Contact:** +91-89300 79600

**Hisar**
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
**Contact:** +91-9896938427

**Bhiwani**
Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
**Contact:** +91 99960 31240

**Malerkotla**
Thandi Sadak, opposite Maharaja Hotel, adjoining Tehsil Complex, Malerkotla .
**Contact:** +91 6284 603 391

**Ludhiana**
Sai Bhawan, Chandigarh Rd, Mundian Kalan, Ludhiana, Punjab.
**Contact:** 90419-49444

**Barnala**
Elenta Mart, Nanaksar Rd, Barnala, Punjab
**Contact:** 98761 28970

**Rupnagar**
Bela Rd, near Vishal Mega Mart, Abhepur Beli, Rupnagar, Arazi Ropar.
**Contact:** 74197 48181

**Sirhind**
opp Central Bank of India, Preet Nagar, Fatehgarh Sahib, Sirhind
**Contact:** 93069 00346

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

Payment Accepted

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

***T & C. APPLY**

*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.